### गाजियाबाद के माल की पार्किंग में हादसा

# कार से कुचलकर साढ़े तीन साल की बच्ची की मौत

जनसत्ता संवाददाता
गाजियाबाद, 4 मार्च।

गाजियाबाद के एक माल में कार खड़ी करने जा रहे चालक ने साढ़े तीन साल की एक बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी चालक ने बच्ची को एक कार के पहिए के नीचे कुचल दिया था। पुलिस ने दिल्ली के रानी बाग इलाके के रहने वाले आरोपी चालक विनीत सेठी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी माल में वैलेट पार्किंग सेवा के चालक के रूप में काम करता था।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह के मुताबिक साढ़े तीन वर्षीय बच्ची रिद्धि पांडे शनिवार शाम अपने माता-पिता के साथ माल घूमने आई थी। बच्ची के पिता विनोद पांडे माल से अपने घर जाने के लिए जब माल की पार्किंग की तरफ बढ़े, तभी सामने से आ रही होंडा सिटी कार ने उनकी बेटी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसे गंभीर चोट आई। उसके मुंह और नाक से तेजी से खून बहने लगा। विनोद पांडे बेटी को गोद में लेकर नजदीक के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक विनीत सेठी को गिरफ्तार कर कार को जब्त कर लिया है। विनोद पांडे का आरोप है कि चालक ने उनकी घायल बेटी को अस्पताल तक ले जाने के लिए कार नहीं दी। यदि कार उपलब्ध करा दी होती, तो जल्द अस्पताल पहुंचने से उनकी बच्ची की जान बच सकती थी। विनोद पांडे वैशाली सेक्टर- 3 में परिवार के साथ रहते है।

> *एसीपी* इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह के मुताबिक साढ़े तीन वर्षीय बच्ची रिद्धि पांडे शनिवार शाम अपने माता- पिता के साथ माल घूमने आई थी। बच्ची के पिता विनोद पांडे माल से अपने घर जाने के लिए जब माल की पार्किंग की तरफ बढ़े, तभी सामने से आ रही होंडा सिटी कार ने उनकी बेटी को जोरदार टक्कर मार दी।

### रोहिणी में सड़क धंसने से हादसे का शिकार हुई कार

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 5 में एक सड़क हादसा हो गया। चालू सड़क अचानक से धंस कर नीचे जा गिरी, जिसकी वजह से सड़क से गुजर रहे राहगीरों और वाहन चालकों को भी खासी समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसकी वजह से सड़क पर चलती कार दुर्घटना का शिकार हो गई।

### ग्रेनो : पथ विभाजक से टकराई कार, एक की मौत

थाना कासना इलाके के तहत ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर रविवार रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पथ विभाजक से टकरा गई। हादसे में गाजियाबाद निवासी अमित कुमार त्यागी (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना कासना प्रभारी विद्युत गोयल के मुताबिक अमित कुमार त्यागी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के जरिए गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पति से अलग रह रही महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 4 मार्च।

सेक्टर 63 की चोटपुर कालोनी में रहने वाली एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर से बरामद हुआ है। महिला के गले पर निशान हैं। महिला पिछले कुछ समय से विवाद के चलते अपने पति से अलग रह रही थी। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए थाना सेक्टर-63 पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह के मुताबिक मूलरूप से जनपद बदायूं निवासी पूजा देवी पत्नी वेदपाल चोटपुर कालोनी में रहती थी। वह फेस थ्री औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निर्यातक कंपनी में काम करती थी। रविवार सुबह पूजा देवी के साथ काम करने वाली महिला ने उसे कई बार फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद महिला पूजा के घर पहुंची, जहां पूजा अपने बिस्तर पर बेसुध अवस्था में पड़ी हुई थी। उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। महिला ने इसकी सूचना आस-पड़ोसियों को दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। प्रारंभिक जांच के दौरान पूजा के गले पर दबाए जाने के निशान मिले हैं। जांच में पता चला की पूजा देवी कुछ समय से अपने पति से अलग रह रही थी। मौत के कारणों को पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### *कर्ज की वजह से भवन निर्माता ने दी जान*

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 4 मार्च।

'ड्रीमलैंड रियल एस्टेट' के मालिक पवन भड़ाना ने सोमवार सुबह अपने फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रह है कि उन पर लोगों के करोड़ों रुपए बकाया थे। माना जा रहा है कि कर्ज के चलते मानसिक तनाव में आकर उन्होंने आत्महत्या की है। भवन निर्माता के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज थे। कुछ समय पूर्व भवन निर्माता जेल से जमानत पर छूटकर आया था। थाना फेस टू थाना प्रभारी विंध्याचल तिवारी के मुताबिक सेक्टर 93 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले पवन भड़ाना (48 ) ने सोमवार सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके परिजन उन्हें फंदे से उतार कर एक निजी अस्पताल ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतक के परिजनों से आत्महत्या के कारण जानने का प्रयास कर रही है।

## खबर कोना

### दो लोगों की मौत के बाद 'ब्लू सफायर माल' को किया गया बंद

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 4 मार्च।

थाना बिसरख थाना क्षेत्र में ब्लू सफायर माल में ग्रिल गिरने से दो लोगों की मौत होने के मामले में सोमवार को माल को बंद कर दिया गया है। माल के अंदर अग्नि सुरक्षा उपकरण व उसके ढांचे की मजबूती की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। इस मामले में माल के मलिक व प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देश के बाद ब्लू सफायर माल को बंद कर दिया गया है। बता दें कि रविवार को माल में पांचवी मंजिल से ग्रिल टूटकर दो लोगों के ऊपर गिर गई थी। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### 'एंबियंस माल' की छत का बड़ा हिस्सा गिरा, कोई हताहत नहीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 4 मार्च।

नेल्सन मंडेला मार्ग स्थित एंबियंस माल के छत का एक बड़ा हिस्सा रविवार देर रात अचानक से टूटकर गिर गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पर माना जा रहा है कि इस घटना में भारी नुकसान हुआ है। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने एहतियातन माल के उस हिस्से को बंद कर दिया। साथ ही सोमवार सुबह जब लोग माल में घूमने के लिए पहुंचे तो उन्हें अंदर जाने से रोका। बताया जा रहा है कि उसी माल में रविवार शाम को फिल्म अभिनेता बाबी देवल एक सैलून का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

### पार्क में टहलने गई महिला पर कुत्तों ने किया हमला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 4 मार्च।

राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार कुत्तों ने पीतमपुरा इलाके में पार्क में टहल रही एक महिला पर हमला कर दिया। पीड़िता कुत्तों से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगी। इसी बीच एक अन्य महिला ने कड़ी मशक्कत कर पीड़िता को बचाया। इसके बाद प्रमिल सिंघल (54) को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि इलाके में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। आए दिन किसी ना किसी व्यक्ति को अपना निशाना बनाते रहे हैं। पीड़ित परिवार ने बाद में इस घटना की शिकायत मोर्या एंक्लेव पुलिस से की है।

### 'नारी शक्ति वंदन दौड़' में भाजपा की महिला शक्ति ने दिखाया दम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 4 मार्च।

भाजपा दिल्ली महिला मोर्चा ने सोमवार को अपने सभी 14 संगठनात्मक जिलों में नारी शक्ति वंदन दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान भाजपा की महिला शक्ति ने अपना पूरा दम दिखाया। कार्यक्रम की शुरूआत शाहदरा जिले के यमुना स्पोर्टस कांप्लेक्स में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दौड़ में भाग लेकर महिलाओं का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 सालों में महिला शक्ति को जो बढ़ावा दिया है।

### वकील हसन के मकान को तोड़ने के विरोध में डीडीए मुख्यालय पर प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 4 मार्च।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) मुख्यालय पर सोमवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच दिल्ली की ओर से प्रदर्शन किया गया। मंच उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास में रेट माइनर वकील हसन के मकान को तोड़ने का विरोध कर रहे थे। मालूम हो कि वकील हसन ने उत्तराखंड के सिल्कयारा टनल में फंसे 41 मजदूरों की जान बचाने के दल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों को पूर्व राज्यसभा सांसद व सीटू अखिल भारतीय महासचिव कामरेड तपन सेना समेत अन्य संगठनों के नेताओं ने संबोधित किया।

# जिनका कटा टिकट, वे भी भाजपा प्रत्याशियों को दे रहे शुभकामनाएं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 4 मार्च।

भाजपा के जिन चार वर्तमान सांसदों को दोबारा मौका नहीं मिला है, उनमें से कुछ ने नए घोषित उम्म्मीदवारों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। सांसदों ने सोशल मीडिया के जरिए भी बधाई संदेश भेजे।

नई दिल्ली सीट से प्रत्याशी घोषित बांसुरी स्वराज ने सोमवार को सांसद मीनाक्षी लेखी से मुलाकात की। दोनों ने ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर मुलाकात का फोटो को साझा किया है। जहां मीनाक्षी लेखी ने लिखा है कि मैंने अपने दस साल के विकास कार्यों की जानकारी बांसुरी को देते हुए नई दिल्ली के नागरिकों के कल्याण की योजनाओं को उन्हें सौंप दिया है।

वहीं बांसुरी ने लिखा कि लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने के उपरांत विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसी तरह पश्चिमी दिल्ली से प्रत्याशी बनाई गई कमलजीत सहरावत और प्रवेश साहिब सिंह की फोटो भी सोशल मीडिया पर सामने आई, जहां प्रवेश ने उन्हें शुभकामनाएं देने के साथ ही तीसरी बार मोदी सरकार आने की बात कही है।

बता दें कि बांसुरी स्वराज पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी हैं। बांसुरी की उम्मीदवार घोषित होने के बाद आम आदमी पार्टी भाजपा पर हमलावर है। आप का आरोप है कि भाजपा ने एक ऐसी नेत्री को टिकट दिया है जो कि बतौर वकील एक भगौड़े का



केस कोर्ट में लड़ती रही हैं।

**बांसुरी स्वराज ने कहा, कार्यकर्ता के रूप में जनसेवा को समर्पित रहूंगी :** नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की विशाल बैठक का आयोजन सोमवार को प्रदेश कार्यालयल में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रत्याशी बांसुरी स्वराज का अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, लोकसभा चुनाव प्रभारी विजेंद्र गुप्ता, चुनाव संयोजक वीरेंद्र बब्बर, जिला अध्यक्ष करोल बाग सुलील कक्कड़ व अध्यक्ष नई दिल्ली राजीव राणा भी मौजूद रहे। बांसुरी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं आपके बीच की भाजपा कार्यकर्ता हूं और जीवन के अंतिम दिन तक कार्यकर्ता के रूप में जनसेवा को समर्पित रहूंगी।

# भारतीय सिम से विदेश में बैठकर 100 करोड़ की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 4 मार्च।

थाना बिसरख पुलिस ने भारतीय सिम का प्रयोग कर विदेश में बैठकर भारतीय लोगों से साइबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह में 20 से अधिक भारतीय लोग शामिल है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें चीन व नेपाल के नागरिक शामिल है। आरोपी पिछले एक साल में 100 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी कर चुके है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा सुनीति के मुताबिक ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी माल के समीप से चीनी नागरिक शू यूमिंग, नेपाल के रहने वाले अनिल थापा व ग्रेटर नोएडा के दादरी के रहने वाले विनोद उर्फ अगस्त्या भाटी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला है कि चीन का रहने वाला आरोपी अवैध तरीके से नेपाल के रास्ते भारत आया था। अनिल थापा उसको लेकर भारत आया था। यहां उन लोगों ने एक गिरोह बनाया, जिसमें स्थानीय विनोद भाटी को शामिल किया।

> *तीन* आरोपियों में चीन का नागरिक भी शामिल, शेयर बाजार में निवेश, गेमिंग ऐप, टेलीग्राम में मुनाफा कमाने की बात कहकर करते थे ठगी।

उसकी मदद से आरोपित फर्जी आइडी पर सिम कार्ड खरीद कर उसको कोरियर के माध्यम से विदेश भेजते थे। कंबोडिया में बैठे आरोपियों के साथी भारतीय लोगों को फोन कर उनके साथ साइबर धोखाधड़ी करते थे। साइबर धोखाधड़ी करने के लिए भारत से ही युवाओं को भेजा जाता था।

उनको यह कहकर विदेश में नौकरी पर भेजा जाता था कि उनकी विदेश में मोटी तन्ख्वाह पर नौकरी लगेगी। वहां जाने के बाद वह ठगी करने में शामिल हो जाते थे। आरोपियों के पास से चार पासपोर्ट, फर्जी आइडी पर लिए गए 531 सिम कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, नौ मोबाइल, 11435 नेपाली मुद्रा, दो डालर, पांच दिराम, 150 थाईलैंड की मुद्रा , पांच युआन, 2100 कंबोडिया मुद्रा व 94 हजार भारतीय रुपए के अलावा तीन चेक बुक, एक डायरी, एक नेपाली नागरिका पत्र, एक एयर इंडिया का टिकट, एक स्टांप मुहर, दस क्रेडिट कार्ड आदि बरामद हुए हैं।

**नोएडा में खोला था आफिस, ग्रेनो में थीं तैयारी :** आरोपियों ने नोएडा के सेक्टर 18 में कंसलटेंसी के नाम पर आफिस खोला था। यही बैठकर ठगी की पूरी योजना तैयार करते थे। फर्जी आइडी पर खरीदे जाने वाले सिम को इसी आफिस में एकत्र किया जाता था, उसके बाद कोरियर के माध्यम से विदेश भेजा जाता था। आरोपी ग्रेनो वेस्ट में भी आफिस खोलने की तैयारी कर रहे थे।

# सेक्टर-10 में पांच नए औद्योगिक पार्क विकसित करने की तैयारी

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 4 मार्च।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) सेक्टर-10 में पांच नए औद्योगिक पार्क विकसित करने की तैयारी में है। प्राधिकरण को शासन से 243.9 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की स्वीकृति मिल गई है। इन प्रस्तावित औद्योगिक पार्कों में लेदर फुटवियर पार्क, सामान और सहायक उपकरण पार्क, प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क, हथकरघा और इलेक्ट्रिक वाहन पार्क शामिल हैं।

यीडा से मिली जानकारी के मुताबिक, विकसित होने वाले ये पार्क सेमी कंडक्टर और इलेक्ट्रानिक विनिर्माण केंद्रों के अतिरिक्त होंगे। अब इन्हें सेक्टर-10 में 243 हेक्टेयर भूमि में विकसित किए जाने पर मंजूरी मिल गई है। प्राधिकरण की मंजूरी के बाद अब शासन ने भी भूमि की स्वीकृति दे दी है। जिला प्रशासन जल्द जमीन के अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू करेगा।

औद्योगिक पार्कों के लिए वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के तहत संचालित लेदर निर्यात परिषद ने क्षेत्र में लेदर पार्क का प्रस्ताव रखा था। जो चमड़े से संबंधित सामान, जूते और परिधान के निर्माण पर केंद्रित था। वहीं, आल इंडिया प्लास्टिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क का प्रस्ताव रखा, जिससे क्षेत्र में खुद के उद्योग स्थापित हो सकेंगे।

### बहू ने 80 वर्षीय सास का गला दबाकर पीटा, 18 टांके लगे

नोएडा, 4 मार्च (जनसत्ता)।

शहर में रहने वाली एक बहू ने अपनी 80 वर्षीय बुजुर्ग सास के साथ ना केवल मारपीट की, बल्कि उसका गला भी दबाया। साथ ही उसने सास को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। जिसके चलते बुजुर्ग महिला के सिर में 18 टांके आए हैं।

थाना सेक्टर-49 में दर्ज कराई रिपोर्ट में पराग मिश्रा ने बताया कि उसकी पत्नी मोनिका शुक्ला काफी उग्र स्वभाव की थी और वह उसके माता-पिता के साथ किसी भी हाल में रहना नहीं चाहती थी।

State Bank of India भारतीय स्टेट बैंक

**मेडिकल शाखा, अलीगढ़ (3570)**

**लॉकर के किराये की बकाया राशि हेतु सूचना**

जैसा कि नीचे दी गई तालिका में बताया गया है, भारतीय स्टेट बैंक ने संबंधित लॉकर किराएदार को सुरक्षित जमा वॉल्ट (लॉकर) किराए पर दिया था। लॉकर किराए पर लेने वाले द्वारा किराया का भुगतान नहीं किया गया है और उन पर किराया बकाया है। बैंक ने बकाया लॉकर किराए के भुगतान के लिए संबंधित लॉकर किराएदार को बैंक के नियमानुसार नोटिस जारी किए हैं, लेकिन अभी भी किराया जमा नहीं किया गया है।

| क्रम संख्या | लॉकर संख्या | ग्राहक का नाम | पता | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 42 | तलत दानिश | 4/1348, सर सैयद नगर, अलीगढ़ -202002 | रु. 21,793/- |
| 2 | 44 | सपीना बेगम और सद्दीक खान | पाथरवाली गली, केला नगर, अलीगढ़ -202001 | रु. 16,792/- |
| 3 | 452 | शहजाद अहमद अजीमी और इजाज अजीम | अनूपशहर रोड, अलीगढ़ -202001 | रु. 20,811/- |

लॉकर किराए पर लेने वाले को नोटिस दिया जाता है कि यदि उपरोक्त उल्लिखित लॉकर का किराया 30 दिनों के भीतर बैंक द्वारा प्राप्त नहीं किया जाता है, तो संबंधित लॉकर किराए पर लेने वाले के जोखिम और लागत पर लॉकर को शर्तों के अनुसार तोड़ दिया जाएगा। पट्टा समझौता और बैंक लॉकर के एक हिस्से या पूरी सामग्री की सार्वजनिक या निजी बिक्री से अपना बकाया वसूल करेगा। बैंक का बकाया चुकाने के बाद बची हुई कोई भी राशि और/या लॉकर की सामग्री संबंधित लॉकर किराएदार के संपूर्ण जोखिम, जिम्मेदारी और लागत पर बैंक द्वारा रखी जाएगी। यदि ऐसी बिक्री से प्राप्त आय बैंक का बकाया वसूलने के लिए अपर्याप्त है, तो लॉकर किराए पर लेने वाला उस कमी के लिए उत्तरदायी होगा।

दिनांक: 05.03.2024 स्थान: अलीगढ़ शाखा प्रबंधक

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, ग्राउंड और प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 और 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बैंगलोर-560071 शाखा कार्यालय16/12, दूसरी मंजिल, डब्ल्यू ई ए आर्य समाज रोड, करोलबाग, दिल्ली-110005

**ई नीलामी सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा प्रवर्तन के अंतर्गत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना ब्याज अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के प्रावधान नियम 8(6) और 9 के साथ पठित।

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक के बकाया की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित खाते में बंधक संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) "जैसा है जहां है आधार" और "जैसा है वैसा है आधार" पर यहां नीचे निर्धारित तिथि पर के आधार पर आयोजित की जाएगी।

| क्र.सं. | ऋण खाता संख्या | मूल उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | 01. 03. 2024 तक वर्तमान बकाया शेष | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय | भारतीय रुपये में आरक्षित मूल्य | भारतीय रुपये में बयाना राशि जमा (ईएमडी)। | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बोली जमा करने की अंतिम तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 47939420000901 | 1) श्री अमन खान, पुत्र मो. कमर खान (आवेदक), 2)श्रीमती शाहनाज, पत्नी मो. कमर खान (सह-आवेदक) | 05.08.2023 | 24.01.2024 | 28,54,706.40 रुपये (रुपए अट्ठाईस लाख चौवन हजार सात सौ छह पैसे मात्र) | 20.03.2024 प्रातः 09:00 बजे को 05:30 शाम तक | रु.21,10,000/- (इक्कीस लाख दस हजार रूपये मात्र) | रु. 2,11,000/- (रुपये दो लाख ग्यारह हजार मात्र) | 09.04.2024 @ 11 बजे दिन | 08.04..2024 सायं 05:00 बजे से पहले। जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड। शाखा कार्यालय का पताः 16/12, दूसरी मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए. आर्य समाज रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005। |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** मकान नंबर 1, क्षेत्रफल 250 वर्ग गज, कवर एरिया 100 वर्ग गज, खाता नंबर 00068, खसरा नंबर 440, ग्राम फतियाबाद निठौरा, परगना लोनी, जिला गाजियाबाद में स्थित है। जो श्री अमन खान पुत्र मो. कमर खान. के स्वामित्व में। इसकी सीमा इस प्रकार हैः पूर्वः रास्ता 20 फीट, पश्चिमः अन्य का प्लॉट, उत्तरः अन्य का प्लॉट, दक्षिणः अन्य का प्लॉट। | | | | | | | | | |
| 2 | 30689420000022 | 1)मो. आसिफ खान, पुत्र अब्दुल कादिर (आवेदक), 2) श्रीमती सलमा, पत्नी मो. आसिफ खान (सह-आवेदक) | 06.09.2023 | 22.02.2024 | 14,29,743.20 रुपये (चौदह लाख उनतीस हजार सात सौ तैंतालीस रुपये और बीस पैसे मात्र) | 20.03.2024 प्रातः 09:00 बजे को 05:30 शाम तक | रु.9,86,000/- (नौ लाख छियासी हजार रूपये मात्र) | रु.98,600/- (अठानवे हजार छह सौ रुपये मात्र) | 09.04.2024 @ 11 बजे दिन | 08.04.2024 सायं 05:00 बजे से पहले। जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड। शाखा कार्यालय का पताः 16/12, दूसरी मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए. आर्य समाज रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005। |
| | **सुरक्षित संपत्तियों का विवरणः** अचल संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल जो आवासीय फ्लैट नंबर एसएफ -1, दूसरी मंजिल (एमआईजी बैक साइड), प्लॉट नंबर 28, क्षेत्रफल 46 वर्ग मीटर खसरा नंबर 1290 में से, सुदेश विहार, ग्राम लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद मे है जो मोहम्मद . आसिफ खान पुत्र श्री अब्दुल कादिर. के स्वामित्व में इसकी सीमा इस प्रकार हैः पूर्वः प्लॉट नंबर 29, पश्चिमः प्लॉट नंबर 27, उत्तरः सड़क 15 फीट चौड़ा, दक्षिणः संपत्ति का शेष भाग। | | | | | | | | | |

संपत्तियों को "जैसा है जहां है के आधार पर" और जैसा है जो है के आधार पर" आयोजित किया जा रहा है और ई-नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी। नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स 4 क्लोजर के माध्यम से वेब पोर्टल https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर आयोजित की जायेगी या अधिक जानकारी और ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता मैसर्स 4 क्लोजर , श्री भास्कर नायडू संपर्क नंबरः 8142000809/8142000061. ईमेल आईडीः info@bankauctions.in @ Subbarao@bankauctions.in से संपर्क कर सकते हैं।
ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकृत अधिकारी श्री राकेश शर्मा (मो. 7230070463), श्री शशि कुमार (मो. नं.) 8700277112) एवं रंजन नायक (मो.9590858249), से संपर्क करें। प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी एवं जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई बाधा नहीं है।
हालाँकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, स्वामित्व के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए। कोई भी सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जायेगी। यह बंधक संपत्तियों के लिए निर्धारित ई-नीलामी के बारे में उपरोक्त नामित उधारकर्ताओं/गारंटर/बंधककर्ताओं के लिए भी एक सूचना है। उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को अद्यतन तिथि के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता हैनीलामी की तारीख से पहले ब्याज और सहायक खर्च, ऐसा न करने पर संपत्ति बेच दी जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा।

दिनांकः 05.03.2024, स्थानः दिल्ली एनसीआर — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# दिल्ली कार्यालय खाली करने पर 'आप' ने उसी स्थान पर वैकल्पिक भूमि मांगी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 4 मार्च।

उच्चतम न्यायालय के आदेश पर राउज एवेन्यू स्थित 'आप' पार्टी राष्ट्रीय कार्यालय 15 जून तक खाली करने के सवाल पर आम आदमी पार्टी (आप) ने उसी स्थान पर वैकल्पिक भूमि की मांग की है।

आप की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि हम उच्चतम न्यायालय का सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि केंद्र के एलएंडडीओ (भूमि और विकास कार्यालय) को जल्द से जल्द आप के कार्यालय के लिए वैकल्पिक भूमि आबंटित की जाए। चुनाव आयोग ने पिछले साल आप 'राष्ट्रीय पार्टी' का दर्जा दिया था। पार्टी की दिल्ली और पंजाब में सरकारें हैं और गोवा और गुजरात विधानसभा में विधायक हैं।

हमें उम्मीद है कि भाजपा कोई प्रतिगामी, भेदभावपूर्ण या गंदी राजनीति नहीं करेगी और बिना किसी देरी के आप के कार्यालय परिसर के लिए उसी स्थान पर जमीन आबंटित करेगी, जहां अन्य सभी राष्ट्रीय दलों को दिल्ली में कार्यालय उपयोग के लिए जमीन आबंटित की गई है। आप की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आप छह राष्ट्रीय पार्टियों में से एक है और अपनी स्थिति के अनुसार नई दिल्ली नगरपालिका क्षेत्र में जमीन पाने की हकदार है। सिंघवी ने कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में हमें कुछ नहीं मिलता है। मुझे बदरपुर में जमीन दी गई है।

www.readwhere.com